प्रेस विज्ञप्ति

बिहार पुलिस मुख्यालय

दिनांक–16.08.2023 (सं0–375)

समस्तीपुर जिले में शहीद पुलिस अवर निरीक्षक से सम्बन्धित घटित घटना का अद्यतन

- दिनांक–14/15.08.2023 को लगभग 03:30 बजे थाना से लगभग 15 किमी उत्तर ग्राम–खजूरी मोड़ में मवेशी चोरी की घटनाओं में लिप्त अपराधियों को गिरफ्तार करने गयी पुलिस टीम पर अपराधियों द्वारा चलायी गयी गोली से मोहनपुर ओ0पी0 प्रभारी पु0अ0नि0 नन्दकिशोर गम्भीर रूप से जख्मी हो गयें। चिकित्सा के क्रम में उनकी मृत्यु हो गयी।
- घटना का संक्षिप्त यह है कि मोहन ओ0पी0 क्षेत्रान्तर्गत दिनांक–08 और 09.08.2023 की रात्रि में भैंस चोरी की घटना प्रतिवेदित हुयी थी। भैंस चोरी की घटनाओं में चिन्हित हुआ था कि नालन्दा जिला के करायपरशुराय थाना के गिरोह के द्वारा भैंस चोरी की जाती है। करायपरशुराय थाना क्षेत्र में छापामारी कर चोरी गयी भैंस को बरामद किया गया था।
- शहीद पु0अ0नि0 स्व0 नन्दकिशोर के द्वारा भैंस चोरी की घटनाओं में आम ग्रामीण क्षेत्र के लोगों की होने वाली आर्थिक क्षति के दृष्टिकोण से घटनाओं को गम्भीरता से लेते हुए वैज्ञानिक तथा तकनीकी अनुसंधान करते हुए यह ज्ञात किया गया कि 14–15 की रात्रि में उस गिरोह के 02 चोर भैंस चोरी करने उनके क्षेत्र में आ रहे हैं।
- आसूचना के आलोक में उनके द्वारा छापामारी की गयी। ग्राम–खजूरी मोड़ में छापामारी के क्रम में चोरों द्वारा स्व0 नन्दकिशोर पर गोली चला दी गयी। गोली उनके चेहरे पर लगी, जिससे वे गम्भीर रूप से जख्मी हो गयें। उच्च चिकित्सा के क्रम में पटना में उनका देहावसान हो गया।
- इस सम्बन्ध में जिला पुलिस के द्वारा काण्ड के अनुसंधान तथा काण्ड में लिप्त अभियुक्तों, जिन्हें चिन्हित किया जा चुका है, की गिरफ्तारी हेतु अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी, पटोरी एवं अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी, दलसिंहसराय के नेतृत्व में SIT गठन किया गया है।
- SIT के द्वारा आस पास के जिलों सहित अभियुक्तों के सभी संभावित ठिकानों पर लगातार छापामारी की जा रही है।
- दोषी अभियुक्तों को शीघ्र हीं गिरफ्तार किया जाना सुनिश्चित किया जायेगा।

xxxxxxxx